**भारत सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं० 2596**
**दिनांक 19.03.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## शौचालयों के निर्माण हेतु निधि का आवंटन

**2596. श्री अनुभव मोहंती:**

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने आगामी वर्ष में दो करोड़ शौचालय बनाने की योजना बनाई है लेकिन इस परियोजना के लिए निधि का आवंटन नहीं किया है;

(ख) इस योजना के तहत एक शौचालय के निर्माण की लागत कितनी है;

(ग) आगामी वर्ष में उक्त शौचालयों के निर्माण की लागत क्या होगी; और

(घ) इस परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए निधि का सृजन करने की योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**
**(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)**

(क) जी, नहीं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) (एसबीएम(जी)) के अंतर्गत, सरकार ने 2018-19 में लगभग तीन करोड़ शौचालयों का निर्माण करने की योजना बनाई है। एसबीएम (जी) के अंतर्गत वर्ष 2018-19 के लिए आबंटन 15343.10 करोड़ रूपए है और निधियों की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति अतिरिक्त बजटीय संसाधनों से की जाएगी।
(ख) एसबीएम (जी) के अंतर्गत, वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) के निर्माण हेतु प्रोत्साहन की राशि 12,000/- रू है।
(ग) ऐसे शौचालयों के निर्माण हेतु अपेक्षित निधियाँ 22000 करोड़ रूपए हैं।
(घ) नियमित बजट और अतिरिक्त बजटीय संसाधनों के जरिए निधियों का सृजन किया जाएगा।